Title : Need to take steps to check use of drugs by the Youth in Punjab.

(vi) Need to take steps to check use of drugs by the youth in Punjab

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, आज का नौजवान नशे की लत से ग्रस्त होकर कमजोर होता जा रहा है। नशे की तस्करी खास तौर पर बॉर्डर राज्य में काफी तेजी से और योजनाबद्ध तरीके से देश को कमजोर करने के लिए की जा रही है। पंजाब ने 10 वर्ष तक आतंकवाद को झेला है, तब इतना नुकसान नहीं हुआ लेकिन आज पंजाब के नौजवान को कमजोर करने की कोशिश योजनाबद्ध तरीके से जारी है। अगर पंजाब का नौजवान कमजोर हो गया तो मुसीबत के समय में इस देश को बचाना मुश्किल हो जाएगा। नशे की लत को पूरा करने के कारण अपराधों की प्रवृत्ति की संख्या काफी बढ़ रही है। सारे मामले को सामाजिक तौर पर सामूहिक प्रयास से ही हल किया जा सकता है। अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस मामले में आवश्यक कदम उठाए।